# भारत डायनामिक्स लिमिटेड

**(रक्षा मंत्रालयाधीन भारत सरकार का उपक्रम)**
**निगम कार्यालय :: गच्चीबाउली, हैदराबाद**

BDL/104/BD – CC/MR/04 8 अक्तूबर 2023

## प्रेस विज्ञप्ति

## मेगा चिकित्सा शिविर आयोजित




भारत डायनमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने अपनी नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के अंतर्गत, एक गैर सरकारी संगठन 'सेवा भारती' के सहयोग से हैदराबाद में एक दिवसीय मेगा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया है।

संस्कृति, पर्यटन और उत्तर पूर्वी क्षेत्र के केंद्रीय विकास मंत्री माननीय श्री जी किशन रेड्डी ने कमोडोर ए माधवाराव (से.नि.), अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बीडीएल, एन श्रीनिवासुलू, निदेशक (वित्त), बीडीएल, एन सत्यनारायण, प्रधान (मा.सं.) बी डी एल तथा बी डी एल और 'सेवा भारती' के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में इस मेगा चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया।

इस पहल से सामान्य जॉंच, टीकाकरण और जरूरतमंदों को दवाइयों के वितरण जैसी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएँगी। साथ ही, इस पहल से लगभग 15000 अल्पसुविधा प्राप्त जनता की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतें पूरी होंगी। ये शिविर हैदराबाद के कवाड़ीगुड़ा, अंबरपेट, बोराबंडा और सनतनगर में आयोजित किए गए थे।

---XXX---